कोसी कलां में 6 अक्तूबर को पूसा बासमती 1509 का भाव 5,100 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज

सरकारी पोर्टल https://agmarknet.gov.in से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, 3-9 अक्तूबर के सप्ताह के दौरान, उत्तर प्रदेश के मथुरा ज़िले की कोसी कलां मंडी में 6 अक्तूबर को जल्दी पकने वाली बासमती की किस्म पूसा बासमती 1509 का भाव सबसे ऊँचा रहा जो कि 5,100 रुपये प्रति क्विंटल था। उस दिन मंडी में न्यूनतम दर 4,000 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज की गई।

हालांकि, कोसी कलां मंडी में पूसा बासमती 1509 का अधिकतम भाव 7 व 8 अक्तूबर को घटकर 2,900 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। 9 अक्तूबर को कोसी कलां में इस जिंस का अधिकतम भाव 2,840 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

सप्ताह के दौरान, पोर्टल ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 32 ज़िलों से पूसा बासमती 1509 की मंडी कीमतें दर्ज कीं। इन चार राज्यों के सात ज़िलों में 18 बार फसल की सामान्य कीमत 3,000 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक रही।

इन राज्यों के 12 ज़िलों में पूसा बासमती 1509 का अधिकतम भाव 39 बार 3,000 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक रहा। एम पी की दतिया मंडी में फसल की सबसे कम अधिकतम दर 6 और 5 अक्टूबर को क्रमशः 1,790 रुपये प्रति क्विंटल और 1,815 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज की गई।

पंजाब, हरियाणा, यू पी और एम पी की मंडियों में बासमती की अन्य किस्मों की भी आवक शुरू हो गई है।

सप्ताह के दौरान, पंजाब के सात ज़िलों की मंडियों से बासमती की किस्म पूसा बासमती 1121 की आवक की सूचना है। मानसा ज़िले की बरेटा मंडी में 8 अक्तूबर को पूसा बासमती 1121 का अधिकतम भाव 3,400 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

सप्ताह के दौरान यू पी के चार ज़िलों से बासमती की किस्म सुगंधा की आवक दर्ज की गई। यह 2,300-3,000 रुपये प्रति क्विंटल के दायरे में बिकी।

यू पी के मुरादाबाद ज़िले की बहजोई मंडी में सप्ताह के दौरान सुपर बासमती की आवक की सूचना मिली। यह 1,950-2,200 रुपये प्रति क्विंटल के दायरे में बिकी।